हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026/29, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 23

रिक्त पद

2017 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; जिला एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

सड़कों की मरम्मत

2018 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं व उनके रख-रखाव तथा मरम्मत हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; जिला एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

आर्थिक सहायता

2019 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार जो बी0पी0एल0 सूची में शामिल न होने के कारण आवास योजनाओं के लाभ से वंचित हैं; क्या उन्हें आवास निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु कोई नई योजना शुरू करने अथवा वर्तमान योजनाओं में शामिल करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

व्यावसायिक शिक्षा

2020 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक राज्य में NSQF के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा के संचालन हेतु कितनी निजी कंपनियों/वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर्स को कार्य आबंटित किए गए; इन कंपनियों के नाम, आबंटित जिलों तथा उनके सेवा-कार्यकाल का ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा इसे स्वयं संचालित न करके निजी एजेंसियों के माध्यम से चलाने के क्या कारण हैं; क्या इसके शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़े प्रभाव का कोई मूल्यांकन/समीक्षा रिपोर्ट उपलब्ध है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार वर्ष 2013 से कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को प्रदेश सरकार के अधीन कर उनकी सेवाओं को नियमित करने अथवा स्वयं सरकार के अधीन लाकर संचालन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

इलेक्ट्रिक बसें

2021 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसें किन-किन रूटों पर संचालित की जा रही हैं;

(ख) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अन्य ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक बसें संचालित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार उपरोक्त निर्वाचन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक तथा कितनी अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी?

लंबित देनदारियां

2022 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में वन विभाग द्वारा कितने कार्य किए गए; ब्यौरा कार्यों का वन मण्डलवार एवं वर्षवार दें; और

(ख) लम्बित भुगतान की धनराशि कितनी है तथा मजदूरों का भुगतान लम्बित रहने के क्या कारण हैं तथा लम्बित धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

दवाओं की गुणवत्ता

2023 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में निर्मित कितनी दवाओं के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए; वर्षवार एवं कंपनीवार ब्यौरा दें;

(ख) बार-बार नमूने फेल होने वाली कितनी कंपनियों के लाइसेंस निलंबित/रद्द किए गए तथा कितने मामलों में उत्पादन बंद करने, दवाइयां वापिस मंगवाने एवं कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए; और

(ग) बार-बार गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

भेड़पालन

2024 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पांगी एवं भरमौर में भेड़पालकों एवं भेड़-बकरियों की संख्या तथा ऊन उत्पादन का ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) ऊन के ₹ 100 प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य की घोषणा के अंतर्गत कितने भेड़पालकों से कितनी ऊन खरीदी गई तथा कितने किसानों को मूल्य अंतर की धनराशि दी गई;

(ग) इस अवधि में चराई परमिट, वन क्षेत्रों में प्रवेश, पशुधन चोरी, पशु चिकित्सा सुविधाओं की कमी तथा पशुधन की मृत्यु से संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा उन पर क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) पारंपरिक भेड़पालन को लाभकारी बनाने, मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा प्रभावित भेड़/बकरी पालकों को समयबद्ध मुआवजा देने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है; ब्यौरा दें?

सहायता धनराशि

2025 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मंत्री चिकित्सा सहायता कोष, मुख्य मंत्री राहत कोष व मुख्य मंत्री ऐच्छिक निधि से कितनी-कितनी धनराशि किन-किन मदों से कब-कब प्राप्त हुई; धनराशि का योजनावार ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

टारिंग

2026 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा किन-किन सड़कों की टारिंग या रख-रखाव का कार्य किया गया; सड़कवार एवं कार्यवार ब्यौरा दें?

राजीव गांधी वन संवर्धन योजना

2027 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना कब आरम्भ हुई; दिनांक 01.11.2026 तक इसमें कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में इस योजना के तहत सराज वन मंडल व वन्य जीव मंडल शमशी में कौन-कौन से कार्य किए गए; ब्यौरा बीटवार व कार्यवार दें?

डी0पी0आर0

2028 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधायक प्राथमिकता की कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 संबंधित विभागों द्वारा नाबार्ड को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई तथा कितनी प्रेषित नहीं की गईं; ब्यौरा योजनावार एवं विभागवार दें; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक कितनी योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है व कितनी स्वीकृति हेतु लंबित हैं; लंबित योजनाओं की स्वीकृति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है; ब्यौरा प्रत्येक योजना की अद्यतन स्थिति व विलम्ब के कारणों सहित दें?

विकास परियोजनाएं

2029 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने विकास कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन किए गए; और

(ख) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र हेतु कितनी नई योजनाएं एवं परियोजनाएं स्वीकृत की गईं; ब्यौरा कार्य/परियोजना के नाम, स्थान, शिलान्यास/उद्घाटन की तिथि, स्वीकृत धनराशि एवं अद्यतन (वित्तीय एवं भौतिक) स्थिति सहित दें?

भर्ती एवं पदोन्नति नियम

2030 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता (यांत्रिक) की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में स्नातकोत्तर उपाधि (मास्टर्ज ऑफ टेक्नोलॉजी) धारक कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक)को कोटा देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

2031 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि 'लिंक रोड राह से

संगम वाया भनियानकड़' की डी0पी0आर0 मुख्य अभियंता कांगड़ा क्षेत्र द्वारा पत्र संख्याः सी0ई0 (के0जेड0) एल0ओ0 731-33, दिनांक 16 जून, 2025 के माध्यम से ई0एन0सी0 कार्यालय को प्रेषित की गई थी; यदि हां, तो, इसकी अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

पार्किंग

2032 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बिलासपुर शहर व प्रदेश के अधिकतर शहरी क्षेत्रों में पार्किंग की बढ़ती समस्या के कारण सड़कों के किनारे गाड़ियां खड़ी करने पर चालान काट दिए जाते हैं; यदि हां, तो क्या शहरों में पार्किंग क्षमता बढ़ाने हेतु कोई योजना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

बेसहारा मवेशी

2033 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेसहारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है तथा ये मवेशी किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने मवेशी हैं, जो टैग लगे होने के बावजूद बेसहारा घूम रहे हैं तथा उन्हें ऐसे बेसहारा छोड़ने वालों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जा रही है; इन मवेशियों को गौ-सदनों में भेजने हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है; ब्यौरा दें?

टारिंग

2034 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कई सड़कें लंबे समय से टारिंग न होने के कारण दयनीय स्थिति में हैं; यदि हां, तो इनकी समय पर टारिंग/मरम्मत न होने के क्या कारण हैं तथा क्या सरकार इन सड़कों की टारिंग करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

एम0आई0एस0

2035 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक एम0आई0एस0 के तहत सरकार/विभाग ने बाग़वानों की कितनी अदायगी की व कितनी लम्बित है; वर्षवार ब्यौरा दें?

खेल मैदान का रख-रखाव

2036 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, करसोग के खेल मैदान की लेवलिंग, टर्फ, जल निकासी, फेंसिंग एवं अन्य सुधार कार्यों हेतु शिक्षा तथा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा कितनी-कितनी धनराशि का आकलन किया गया तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी एवं व्यय की गई; विभागवार तथा कार्यवार आंकलित, स्वीकृत, जारी, व्यय एवं शेष धनराशि का ब्यौरा दें?

डि-नोटिफाई संस्थान

2037 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास खंड आनी व निरमंड में कुल कितने सरकारी संस्थान डि-नोटिफाई किए गए; ब्यौरा खण्डवार दें;

(ख) डि-नोटिफाई किए गए संस्थानों का ब्यौरा विभागवार, संस्थान के नाम, पंचायत व डि-नोटिफिकेशन की तिथि सहित दें;

(ग) इनमें से कितने संस्थान पुनः बहाल किए जा चुके हैं तथा कितने बंद हैं; बंद संस्थानों को पुनः खोलने हेतु प्राप्त मांग-पत्रों/प्रस्तावों पर क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) क्या सरकार दुर्गम क्षेत्रों में शेष बंद संस्थानों की समीक्षा कर उन्हें पुनः खोलने हेतु कोई समयबद्ध कार्य योजना या नीति तैयार कर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

पुलिस बल

2038 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास खंड आनी व निरमंड में पुलिस बल के

थानावार एवं चौकीवार स्वीकृत, भरे व रिक्त पदों का ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न थानों/चौकियों में दर्ज एन0डी0पी0एस0(चिट्टा/भांग) व अन्य आपराधिक मामलों, गिरफ्तारियों, न्यायालय में प्रेषित चालानों तथा लंबित मामलों का ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) क्या जिला शिमला की सीमा से सटे ब्रौ, जगातखाना व लूहरी क्षेत्रों में अंतर-जिला पुलिस समन्वय व गश्त हेतु विशेष पग उठाए गए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण; और

(घ) क्या आनी-निरमंड में पृथक ट्रैफिक विंग की स्थापना व नई चौकियां खोलने हेतु कोई समयबद्ध योजना प्रस्तावित है?

आनी सब-डिपो

2039 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम के आनी सब-डिपो में कितनी बसें उपलब्ध हैं, कितनी बसें निर्धारित आयु/किलोमीटर पूरे होने पर भी क्रियाशील हैं तथा टायरों/स्पेयर पार्ट्स की कमी से कितनी बसें वर्कशॉप में खड़ी हैं;

(ख) आनी व निरमंड क्षेत्र में कितनी बसें संचालित हैं तथा निरमंड में कितने स्वीकृत बस रूट चालू एवं कितने बंद हैं; बंद बस रूटों का कारण तथा इसमें सरकार द्वारा की गई कार्रवाई व इससे प्रभावित दूर-दराज के क्षेत्रों का ब्यौरा दें;

(ग) टायरों व कलपुर्जों की कमी के कारण कितने बस रूट प्रभावित हुए हैं; प्रभावित बस रूटों का ब्यौरा दें;

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी सब-डिपो को कितनी नई/इलेक्ट्रिक बसें आबंटित की गईं; यदि नहीं, तो इस सब-डिपो को नई बसें कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी; और

(ङ) क्या सरकार आनी सब-डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा देने तथा निरमंड में नया बस डिपो स्थापित/खोलने करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

16 नवम्बर, 2026. **सचिव**